# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 07 चैत्र, 1934 (श०) / 27 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या--101

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | .. | 23 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | .. | 31 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | | .. | .. | 06 |
| (4) परिवहन विभाग | .. | .. | .. | 08 |
| (5) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (6) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (7) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (8) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | .. | 16 |
| (9) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | .. | 08 |
| (10) निबंधन विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| (11) खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग .. | 101 |

केन्द्र चालू करना

''क''-*1289. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत धुरियाही पंचायत में वार्ड संख्या 3 और 6 में आंगनबाड़ी केन्द्र है, जो बन्द रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार इन आंगनबाड़ी केन्द्र को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

''ख''-*2087. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मालवाहक ट्रक एवं ट्रैक्टर से सीमेंट, बालू एवं मिट्टी की ढुलाई बिना ढके हुए किये जा रहे हैं, जिससे सड़कों पर काफी मात्रा में इनके कण उड़कर जमा हो जाते हैं जिससे खासकर मोटर साइकिल आदि के चालक उनपर फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन वाहन चालकों द्वारा नियम का पालन नहीं कराने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का जीर्णोद्धार

''ग''-*2089. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, अनु० जाति जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत गुलाब बबुना उच्च विद्यालय, पटोरी का छात्रावास भवन जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

''घ''-*2090. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के बैरिया प्रखंड अन्तर्गत गंडक नदी के कटाव के कारण भालपाद, राजघाट, गोबरही पंचायत वर्ष 2006 में विलीन हो गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों पंचायतों में आदमी नहीं है, परन्तु छः प्राथमिक विद्यालय के नाम पर नियमित रूप से मिड-डे-मील का उठाव हो रहा है एवं शिक्षक बिना कार्य के वेतन का निकासी करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जांच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 13 मार्च, 2012, एवं 20 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

''ख''--दिनांक 20 मार्च, 2012 को सदन द्वारा परिवहन विभाग से खान एवं भूतत्व विभाग में स्थानांतरित ।

''ग''--दिनांक 20 मार्च, 2012 को सदन द्वारा शिक्षा विभाग से अनु०-जाति जन-जाति कल्याण विभाग में स्थानांतरित।

''घ''--दिनांक 20 मार्च, 2012, को सदन द्वारा स्थगित ।

विद्यालय खोलना

*2589. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड मुख्यालय में कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बैसा प्रखंड मुख्यालय में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्तर बढ़ाना

*2590. श्री रामरायण मांझी--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में जातिवार अनुसूचित जाति का शिक्षा स्तर मात्र 19 प्रतिशत ही है, जबकि राजस्थान में 65 प्रतिशत, गुजरात में 70 प्रतिशत, गोवा में 98 प्रतिशत है, यदि हां, तो क्या सरकार बिहार में भी अनुसूचित जाति का शिक्षा स्तर बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उच्च विद्यालय खोलना

*2591. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत चामा गांव अत्यन्त सुदूर देहात में स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहां से निकटतम उच्च विद्यालय अमदाबाद 8 किलो मीटर और मनिहारी 8 किलो मीटर दूर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वहां उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उच्च विद्यालय खोलना

*2592. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड में एक भी उर्दू बालिका उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हां, तो सरकार उर्दू उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिक्षक की प्रतिनियुक्ति

*2593. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड स्थित प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, फुलपरास को न अपना भवन है और नहीं शिक्षक-शिक्षिका है और वह एक लिपिक के सहारे उच्च विद्यालय, बरही, फुलपरास के भवन में चलाया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार भवन निर्माण कराकर शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चहारदीवारी का निर्माण

*2594. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान-सभा क्षेत्र के नौआंवा उगांवा उच्च विद्यालय +2, राज कुमार संत वलमभाचार्य उ० विद्यालय +2, नैरून्त उच्च विद्यालय + 2, गोपालबाद परनामा उच्च विद्यालय + 2, कटौना उच्च विद्यालय + 2, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, सरमेरा आदि +2 उच्च विद्यालयों के चहारदीवारी नहीं रहने के कारण वहां पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित + 2 विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

शिक्षकों का वेतन भुगतान

*2595. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ा प्रखण्ड के मदरसा महीनतुलउलुम, ग्राम-कोढवन्ना, पो०-बदरबन्ना में कार्यरत शिक्षकों का वेतन भुगतान एक वर्ष से बन्द है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मदरसा के कार्यहित में मदरसा के शिक्षकों का वेतन भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण करना

*2596. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में राज्य के सभी प्रखण्डों में एक-एक स्टेडियम के निर्माण की योजना के तहत फर्स्ट फेज में 182 स्टेडियम के निर्माण के लिये सभी जिलाधिकारियों को राशि आवंटित की गयी, परन्तु आजतक मात्र 30 स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा हुआ है और शेष अधूरे बचे हुए हैं, यदि हां, तो इस तरह के विलम्ब का औचित्य क्या है ?

----------

उच्च विद्यालय खोलना

*2597. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखण्ड में कन्या उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में कन्या उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में कन्या उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि का वितरण

*2598. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन की राशि पोस्ट ऑफिस के द्वारा दिया जा रहा है जिसमें निरक्षर लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने उक्त पेंशन की राशि प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर वितरण करने हेतु संबंधित विभाग से अनुरोध किया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन पेंशनधारियों को पेंशन राशि का वितरण प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*2599. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिले के योगापट्टी प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर तथा लौरिया प्रखण्ड के साहु जैन उच्च विद्यालय, लौरिया के प्रांगण में पिछले चार वर्षों से स्टेडियम निर्माण कार्य चल रहा है जो अभीतक अधूरा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निष्फल व्यय

*2600. श्री अवनीश कुमार सिंह--दिनांक 12 फरवरी, 2012 में प्रकाशित समाचार शीर्षक ''सीएमडी सेंटर: थोड़ा सफल, ज्यादा विफल'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 4.50 करोड़ की लागत से अप्रैल, 2011 में स्थापित सीएमडी सेंटर पर आजतक 1.60 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं परन्तु अप्रैल से आजतक मात्र 1500 से 2000 विभागीय पत्र ही विभिन्न जिलों को इस सेंटर द्वारा प्रेषित किया गया है, यदि हां, तो इस तरह के निष्फल व्यय का औचित्य क्या है ?

----------

भवन का निर्माण

*2601. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखण्ड के ग्राम टेकनिया, प्रा०वि० के भवन निर्माण कार्य कराने के लिये 2010 में 4 लाख रुपये का आवंटन किया गया है, जो मात्र नींव तक ही कार्य कराया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार प्राथमिक विद्यालय, टेकनिया का भवन निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*2602. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के पोसदाहा पंचायत के वार्ड नं० 8 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पोसदाहा दक्षिण के विद्यालय भवन का निर्माण 22,00,000/- रुपये की लागत से वर्ष 2011-12 में कराया जा रहा है, जो मानक के अनुरूप नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्कूल भवन के निर्माण की जाँच कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

महाविद्यालय खोलना

*2603. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी में पोलटेकनिक कॉलेज खोलने हेतु जिला प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्धता प्रमाण-पत्र वर्ष 2008-09 में दिया गया है, तदनुसार पोलटेकनिक कॉलेज की स्वीकृति वर्ष 2010-11 में प्राप्त हुई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पोलटेकनिक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2604. श्री अजय प्रताप--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत जमुई नगर परिषद् वार्ड नं० 5 में रमानी टोला सतगामा में प्राथमिक विद्यालय की स्वीकृति वर्ष 2007-08 में हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उस विद्यालय का भवन निर्माण नहीं होने के कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2605. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में स्टेडियम बनाने का निर्णय वर्ष 2009 में लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड मुख्यालय में खेल के मैदान में स्टेडियम नहीं रहने से खेल में बढ़ावा नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक महिषी प्रखण्ड मुख्यालय में स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2606. श्री अनंत कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत वासुदेवपुर के नन्द कुमार उच्च विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2607. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पीपरा कोठी प्रखण्डान्तर्गत रा०प्रा०वि०, खेसरा 24, रकबा 4 डिसमिल जमीन में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में स्थित है, जिसका आधा से अधिक जमीन स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया जिस कारण बच्चे को पठन-पाठन में भारी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिक्रमण विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए विद्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2608. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा, कोईलवर और आरा सदर प्रखण्डों में आजतक एक भी स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

बस का परिचालन

*2609. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिले के परबत्ता एवं गोगरी प्रखण्ड से राजधानी पटना के लिए बस सेवा का परिचालन बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा नहीं की जा रही है, जिससे लोगों को पटना आने-जाने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों से बसों का परिचालन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षकों का पदस्थापन

*2610. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सत्यदेव उच्च विद्यालय, पिपरा में छात्र-छात्राओं की संख्या 1400 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों में स्वीकृत शिक्षकों की संख्या 11 के विरुद्ध मात्र 5 शिक्षक कार्यरत हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*2611. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के भंगही पंचायत के वार्ड नं0 5 में प्राथमिक विद्यालय, भंगही का भवन निर्माण एक वर्ष पूर्व किया गया है किन्तु बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन के निर्माण की जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास का निर्माण

*2612. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड में रा0 कृ0 उच्च विद्यालय, धंधौर एवं रा0 उच्च विद्यालय, नवनगर में अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में परेशानी की सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में छात्रावास की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस का परिचालन

*2613. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला मुख्यालय से पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद एवं गया के लिए एक भी परिवहन निगम की बसें नहीं चलती है, जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अरवल मुख्यालय से उपरोक्त जगहों के लिए परिवहन निगम की बसें संचालित कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

स्टेडियम का निर्माण

*2614. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलर्स प्रखण्डान्तर्गत साढ़ऑफ पंचायत के शिवसोना ग्राम उच्च विद्यालय को 29 एकड़ एवं मध्य विद्यालय को 13 एकड़ जमीन उपलब्ध है, लेकिन वहाँ स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खेल में उत्कृष्टता लाने हेतु शिवसोना ग्राम में स्टेडियम निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि वितरित करना

*2615. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के कवादपुर पंचायत के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में अनुसूचित जाति के पढ़ने वाले छात्रों को 2007 से छात्रवृत्ति नहीं बांटी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कवादपुर पंचायत में छात्रवृत्ति की राशि वितरित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कमरा का निर्माण

*2616. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सत्यदेव उच्च विद्यालय, पिपरा में छात्र-छात्राओं की संख्या 1400 है, किन्तु कमरा की संख्या मात्र आठ रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय में अतिरिक्त कमरा का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बसों का परिचालन

*2617. श्री रणधीर कुमार सोनी--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा से पटना के लिए राज्य परिवहन निगम के द्वारा बसों का परिचालन नहीं किया जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर परिवहन विभाग के बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*2618. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फुलवारीशरीफ (पटना) प्रखण्डान्तर्गत कुरथौल पंचायत कार्यालय को दक्षता परीक्षा, 2010 में पंचायत शिक्षकों की उत्तीर्णता संबंधी सूचना उपलब्ध होने के बावजूद आवंटन के अभाव में देय तिथि से वेतनवृद्धि सहित वेतन का भुगतान जून, 2011 से ही नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायत कार्यालय को आवंटन उपलब्ध कराकर कार्यरत पंचायत शिक्षकों को देय तिथि से वेतनवृद्धि सहित वेतन का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि का आवंटन

*2619. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के नौहट्टा, चुटिया, चौलिया हाई स्कूल को 2010-11 में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु 2011-12 में 26-26 लाख रु0 का आवंटन किया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी विद्यालय में 13-13 लाख का काम हो गया है एवं शेष कार्य राशि के आवंटन के अभाव में बंद हो गया;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष राशि का आवंटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2620. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सभी प्रखंड मुख्यालय में स्टेडियम एवं विद्यालयों में खेल मैदान का निर्माण करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर प्रखंड, खानपुर प्रखंड एवं शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय में स्टेडियम नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2621. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के रायपुर मध्य विद्यालय एवं खरीक प्रखंड अन्तर्गत लोकमानपुर मध्य विद्यालय के 8 कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालयों में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पदों को भरना

*2622. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत राजकीयकृत उच्च विद्यालयों की संख्या 103, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की संख्या 06, अल्पसंख्यक उच्च विद्यालय की संख्या 01 तथा अनु० जाति आवासीय उच्च विद्यालय की संख्या 01 है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 64 पद रिक्त है, जिसके कारण पठन-पाठन व अन्य कार्यों में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रधानाध्यापक के इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री—कंडिका 1, 2 एवं 3 आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिला में कुल 103 (एक सौ तीन) राजकीकृत उच्च विद्यालय, 07 (सात) परियोजना बालिका उच्च विद्यालय एवं 01 (एक) अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय है। विभागीय पत्रांक 1721, दिनांक 23 दिसम्बर, 2002 द्वारा प्रावधान किया गया है कि वैसे राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय जहाँ नियमित प्रधानाध्यापक पदस्थापित नहीं है, वहाँ प्रमंडलीय वरीयता सूची से विद्यालय के वरीयतम शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राधिकृत किया जायेगा, जिसका घटनोत्तर अनुमोदन निदेशक (मा०शि०) देंगे। इस प्रक्रिया से प्राधिकृत प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्यालय के दैनिक कार्यों के साथ-साथ विद्यालय विकास कोष एवं छात्र कोष संचालित करने हेतु सक्षम है। अत: विद्यालय का पठन-पाठन कार्य, प्रशासनिक एवं विकास कार्यों का संचालन उपरोक्त वर्णित वैकल्पिक व्यवस्था से कराया जा रहा है।

जहाँ तक विद्यालय में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक के पदस्थापन का प्रश्न है, वर्तमान में लागू सेवा शर्त्त (संशोधन) नियमावली 2005 के आलोक में राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के 50 प्रतिशत पदों को प्रोन्नति देकर भरे जाने हेतु विभागीय पत्र संख्या 558, दिनांक 16 फरवरी, 2012 द्वारा औपबंधिक राज्य स्तरीय वरीयता सूची प्रकाशित

की गयी है एवं प्रोन्नति से प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति हेतु कर्णांकित 50 प्रतिशत पदों के विरुद्ध हुई रिक्ति का रोस्टर क्लीयरेन्स की कार्रवाई की जा रही है।

प्रतिमा लगाना

*2623. डॉ० कृष्णनंदन यादव—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड के दशरथ मांझी, कर्मवीर, कर्म योगी एवं आदर्श प्रेरक व्यक्ति थे, जो लगातार अकेले 22 वर्षों तक गेहलौर पहाड़ को फारकर दुर्गम रास्ता को सुगम रास्ता बनाये;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गया शहर के काशीनाथ मोड़ पर एवं गेहलौर में बाबा दशरथ मांझी का आदम कद प्रतिमा लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का लाभ

*2624. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में कुल नामांकित आठ लाख अड़सठ हजार तीन सौ पच्चासी छात्र-छात्राओं में से मात्र चार लाख उनसठ हजार आठ सौ सात बच्चे को ही मध्याह्न भोजन का लाभ मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ नहीं मिलने से बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शत-प्रतिशत बच्चों का मध्याह्न भोजन योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रबंध करना

*2625. श्री विनोद नारायण झा—क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार ने सभी जिलों में पी०पी०पी० मोड़ पर एक-एक पॉलिटेकनिक कॉलेज खोलने संबंधी प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है, जिसके लिए केन्द्र सरकार से तीन करोड़ रुपये और राज्य सरकार से 2 करोड़ रुपया या पाँच एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक पॉलिटेकनिक कॉलेज को संचालित करने में 100 करोड़ रु० की राशि का खर्च अनुमानित है जबकि इस तुलना में केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त सहयोग राशि नगन्य है, यदि हां, तो सरकार वर्णित राशि का प्रबंध हेतु क्या कार्रवाई का विचार रखती है ?

---

कार्यालय खोलना

*2626. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय, बरौली में निबंधन कार्यालय खोलने का प्रस्ताव वर्ष 1990 से लम्बित है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बरौली में निबंधन कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*2627. श्री आनंदी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार प्रखण्ड स्तर पर चयनित स्थलों में स्टेडियम निर्माण वर्ष 2009-10 से कर रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी, कुर्साकांटा, पलासी एवं भरगामा प्रखंड में अभी तक इसके लिए स्थल चयन भी नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में स्थल चयन कर स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*2628. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में वृक्षारोपण की 184 योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त है, जिनकी प्राक्कलित राशि 4.2916 करोड़ है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर 2011 तक उक्त योजना में 37,916 वृक्षारोपण कर 1.79 करोड़ राशि व्यय किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष राशि को खर्च कर वृक्षारोपण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*2629. मो० अफाक आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कुल्लाखास पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में उर्दू छात्र की संख्या 70 से भी अधिक है, लेकिन एक भी उर्दू शिक्षक प्रतिनियुक्ति नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में उर्दू शिक्षक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुक्त कराना

*2630. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, वन एवं पर्यावरण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला बांका प्रखंड फुलीडुमर ग्राम तेलीयाखार के खाता नं० 148 एवं खेसरा नं० 1898 की जमीन के किसानों के रैयती जमीन 12 एकड़ 50 डिसमील को गलत ढंग से वन विभाग द्वारा घेराबंदी कर लिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन को मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का वितरण

*2631. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले में कन्या विवाह योजना की राशि वित्तीय वर्ष 2008-09, 2009-10 में आवंटन नहीं मिलने के कारण हजारों ग्रामीणों को लाभान्वित से वंचित होना पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना की राशि को वित्तीय वर्ष 2010-11 में आवंटन मिलने के बाद समाहर्त्ता द्वारा रोक लगा दी गई है जिसके कारण लाभान्वित होने वाले परिवारों में क्षोभ व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त राशि का वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*2632. श्री रामसेवक हजारी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पूसा प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उच्च विद्यालय पूसा वर्ष 1906 ई० में स्थापित किया गया था तथा आजतक उसकी मरम्मती का कार्य नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय का भवन काफी जर्जर है एवं उसकी चहारदीवारी नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन मरम्मती कार्य एवं चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2633. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत बलिदाद में राजकीयकृत मध्य विद्यालय अवस्थित है, जिसके 5 कि०मी० की परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे छात्रों को मा० शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार बलिदाद मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

एम०वी०आई० की नियुक्ति

*2634. श्रीमती रेणु देवी—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 जून, 2011 को प्रकाशित ''वाहन डीलरों को एम०वी०आई० अधिकार'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में एम०वी०आई० के 67 पद स्वीकृत है, जिसमें केवल 15 एम०वी०आई० कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक एम०वी०आई० के अधीन कई जिले हैं, जिसमें वाहन मालिकों को कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर एम०वी०आई० की नियुक्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

* 2635. श्रीमती सुनीता सिंह-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड में नरवारा उ०वि० जो आजादी के बाद जिले का सबसे पुराना ख्याती प्राप्त पहला उच्च विद्यालय है जिसको 20 एकड़ अपनी जमीन है लेकिन वहां स्टेडियम नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

--------

उपलब्ध कराना

* 2636. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला मुख्यालय, आरा के रमना मैदान में खेल गतिविधियों के लिए मात्र एक स्टेडियम है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला प्रशासन द्वारा शादी विवाह या अन्य समारोहों के आयोजन हेतु स्टेडियम का आवंटन होते रहता है जिससे खेल आयोजन एवं खेल गतिविधियाँ बाधित होती है साथ ही खेल संस्थानों से आवंटन शुल्क भी लिया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम को सिर्फ खेल गतिविधियों के लिए ही उपयोग एवं खेल संस्थाओं को नि:शुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि देना

* 2637. श्री भोला राय-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के आर०एन०डी०बी० उच्च विद्यालय, सोनाली में वर्ष 2010 एवं 2011 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य मंत्री प्रोत्साहन अनुदान राशि नहीं मिली है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय के छात्रों को अनुदान राशि दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

खेल परिसर बनाना

* 2638. डॉ० कृष्ण नंदन यादव-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक-बथानी अनुमंडल में एक भी खेल परिसर नहीं है खेल परिसर नहीं होने से युवा वर्ग एवं छात्र-छात्राओं में खेल की भावना नहीं जागृत हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यशवंत +2 उच्चतर विद्यालय खिजरसराय, पुनित +2 उच्चतर विद्यालय भैया विगहा अतरी +2 उच्चतर विद्यालय बैरका (अतरी) +2 उच्चतर विद्यालय सेवतर (मोहड़ा) के प्रांगण में खेल परिसर बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

* 2639. श्री संजय सरावगी-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के वासुदेवपुर पंचायत के पिट्टों में वित्तीय वर्ष 2007-08 से ही 6.60 लाख की लागत से प्राथमिक विद्यालय पिट्टों का भवन निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक निर्माण कार्य सम्पन्न नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में ही निर्माण कार्य की पूरी राशि खाता से निकासी की गई एवं निर्माण कार्य सम्पन्न होने के पूर्व ही निर्माणाधीन भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण पूरा कराकर इसके लिए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्टेडियम का जीर्णोद्धार

* 2640. श्री ललन कुंमर-- क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत राधा कृष्ण चारमिया हाईस्कूल फुलवरिया बरौनी में बना इनडोर स्टेडियम की स्थिति जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त इनडोर स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उत्क्रमित करना

* 2641. श्रीमती गुड्डी देवी-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के ओलीपुर मध्य विद्यालय में वर्ग-1 से वर्ग-8 तक की पढ़ाई किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि रून्नीसैदपुर प्रखंड में ओलीपुर मध्य विद्यालय के 8 कि०मी० के परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ओलीपुर मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

छात्रावास का निर्माण

* 2642. श्री प्रदीप कुमार-- क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां प्रखंड में अनुसूचित जाति/जन-जाति के छात्रों के लिए छात्रावास नहीं है;

(2)यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पकरीवरावां में अनुसूचित जाति/जन-जाति के छात्रों को रहने हेतु छात्रावास बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

व्यवस्था करना

* 2643. श्री राजेश सिंह-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत भितहां प्रखंड के सरकारी उर्दू मदरसा, रेड़हा का भवन जर्जर है एवं उपस्कर भी नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मदरसा में वर्ग कक्ष, पुस्तकालय एवं उपस्कर की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*2644. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में वर्ष 2008 से पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया लंबित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2645. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के अनुपलाल यादव महाविद्यालय में स्टेडियम नहीं है, यदि हां, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में स्टेडियम बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2646. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के कतरीसराय प्रखंड के गोवर्धन बीघा मध्य विद्यालय को अप्रील, 2011 में उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय के भवन निर्माण हेतु निविदा जून, 2011 में प्रकाशित किया गया है परन्तु अभीतक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है जिससे वहाँ पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियमित खोलना

*2647. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत काराकाट प्रखंड में 180, संझौली-49 और बिक्रमगंज में 137 आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्रों के नियमित रूप से नहीं खुलने से गरीब बच्चों को पोषाहार नहीं मिलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषियों पर कार्रवाई करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों को नियमित रूप से खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2648. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत आमस प्रखंड के +2 अनुग्रह नारायण सहदेव उच्च विद्यालय, सुग्गी कार्यरत है, जहाँ चार कमरे एवं दो करकट द्वारा निर्मित कमरों में ही कार्यालय, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं वर्ग कक्षा का संचालन हो रहा है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए समुचित जगह नहीं मिल पाता है, जिससे चबुतरा पर, पेड़ के नीचे वर्ग संचालन किया जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आमस प्रखण्ड के +2 अनुग्रह नारायण सहदेव उच्च विद्यालय, सुग्गी में छात्र-छात्राओं की संख्या एवं कठिनाई को देखते हुए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*2649. श्री दुलार चंद्र गोस्वामी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई और बलरामपुर प्रखंडों में क्रमशः 243 तथा 104 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों के सभी केन्द्र निजी भवन में संचालित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा देना

*2650. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला सहित पूरे बिहार के विक्षिप्त व्यक्तियों के कल्याणार्थ केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार बिहार के सभी जिलों में विक्षिप्त (मानसिक रूप से) व्यक्तियों के कल्याणार्थ आश्रम स्थल व अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*2651. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ प्रखंड में अवस्थित गोपेश्वर महाविद्यालय, हथुआ में स्टेडियम नहीं है एवं फुलवरिया प्रखंड के कॉपरेटिव उच्च विद्यालय, कोयलादेवा में भी स्टेडियम नहीं है जिससे खेल प्रेमियों तथा खिलाड़ियों को काफी परेशानी हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2652. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड अन्तर्गत उच्चैठ और नगवास ग्रामों से 9 किलोमीटर क्षेत्र के अन्तर्गत कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उच्चैठ और नगवास स्थित मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2653. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड के मध्य विद्यालय सरेया बसंत, मध्य विद्यालय पचढ़ीर, मध्य विद्यालय हरपुर फरिदन, मध्य विद्यालय पचभिण्डा एवं कन्या मध्य विद्यालय तरैया है जिसके 5 किलोमीटर की परिधि में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे उक्त गांव तथा आसपास के छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस पड़ाव बनाना

*2654. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा अनुमंडल मुख्यालय में बस पड़ाव नहीं है, जिसके कारण बसों का पड़ाव अन्यत्र लगने से नगर का मुख्य मार्ग हिलसा नूरसराय पथ बाधित रहता है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हिलसा अनुमंडल मुख्यालय में बस पड़ाव बनाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*2655. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित 21 चिकित्सक 20 वर्षों से कार्यरत हैं लेकिन उन्हें कोई प्रोन्नति का लाभ नहीं मिल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विश्वविद्यालयों के स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित चिकित्सकों को डायनामिक ए०सी०पी० एवं अन्य सुविधा देना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन देना

*2656. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के पचम्बा पंचायत निवासी सोनेलाल पासवान पे० स्व० फुलों पासवान एवं मायावती देवी पति डोमन पासवान सहित 74 लाभार्थी का इन्दिरा गा०रा०वृ० पेंशन की स्वीकृति अनुमंडलाधिकारी बेगूसराय के ज्ञापांक 1575, दिनांक 4 दिसम्बर, 2010 के द्वारा दी गई;

(2) क्या यह बात सही है कि पेंशन स्वीकृति उपरान्त लाभार्थी को पेंशन की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, प्रश्नकर्ता सदस्य के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी बेगूसराय को कई बार सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाभार्थी को पेंशन की राशि देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिक्षकों का पदस्थापन

[illegible] विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

2657. श्री [illegible] कुमार सिंह--क्या मंत्री, [illegible]

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनों प्रखंड के महेश्वरी उच्च विद्यालय में इन्टरमी[illegible] की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें शिक्षकों के 10 स्वीकृत पद के विरुद्ध मात्र 02 शिक्षक कार्यरत हैं, जिससे पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रिक्त पदों पर शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस का परिचालन

*2658. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पटना से सहार तक सरकारी बसों का परिचालन नहीं किया जा रहा है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थानों के लिए सरकारी बसों का परिचालन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास खोलना

*2659. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, अनुसूचित जाजि एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखंडान्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के छात्रों के लिए छात्रावास नहीं रहने के कारण पठन-पाठन बाधित होता है;

(2) यदि हां, तो क्या सरकार संझौली में अनुसूचित जाति एवं जन-जाति के लिए छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2660. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के मध्य विद्यालय रसौली, मध्य विद्यालय धनौती, मध्य विद्यालय लगुनी, मध्य विद्यालय चकिया, मध्य विद्यालय वसहीया एवं मध्य विद्यालय बेलौर है जिसके 5 कि०मी० की परिधि में कोई भी उच्च विद्यालय नहीं है जिससे उक्त गाँव तथा आस-पास के छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्यु क्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2661. श्रीमती मीना द्विवेदी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोविन्दगंज विधान-सभा अन्तर्गत अरेराज अनुमंडल में एक मात्र महन्त शिवशंकर गिरी मध्य विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का भवन जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन निर्माण कराने का विचार रखती ह, नहीं तो क्यों ?

---

स्टेडियम का निर्माण

*2662. श्री रणधीर कुमार सोनी—क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत चेवाड़ा प्रखंड मुख्यालय के चेवाड़ा बाजार में खेलकूद हेतु मैदान है जिसका नाम आजाद मैदान है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजाद मैदान चेवाड़ा में विगत कई वर्षों से जिला एवं प्रखंड स्तर पर खेलकूद का आयोजन होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज खोलना

*2663. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 मार्च, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''हर प्रमंडल में इंजीनियरिंग कॉलेज'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में युवाओं को उच्च शिक्षा देने के लिए सरकार द्वारा सभी प्रमंडलों में इंजीनियरिंग कॉलेज प्रत्येक जिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित निर्णय के आलोक में आजतक न तो प्रमंडल स्तर पर इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गयी और ना ही जिला स्तर पर पोलिटेक्निक ही खोल पायी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त निर्णय के अलोक में आजतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार इसे कबतक कार्यान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*2664. श्रीमती बीमा भारती—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भवानीपुर प्रखंडान्तर्गत मध्य विद्यालय, लाठी को उत्क्रमित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के लड़के एवं लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 10 से 15 कि०मी० की दूरी तय करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*2665. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत विन्दावार हवाई अड्डा के समीप जे०आर०एस० महाविद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण वहाँ अध्ययन कर रहे छात्र-छात्रायें असुरक्षित हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में उक्त वर्णित महाविद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का वितरण

*2666. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्रा०वि०, मुशहरी टोला, तिलकताजपुर प्रा०वि० अनुसूचित जाति टोला तिलक ताजपुर मध्य विद्यालय, पौता ताजपुर मध्य विद्यालय इब्राहीमपुर, सहित 30 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच वित्तीय वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 का पोशाक का वितरण अभीतक नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के मध्य विद्यालय एवं प्रा०वि० में पोशाक की राशि छात्र-छात्राओं के बीच वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शिक्षकों का पदस्थापन

*2667. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड स्थित आदर्श उच्च विद्यालय, तुलसीपुर में 20 (बीस) स्वीकृत पदों के विरुद्ध मात्र दस ही शिक्षक कार्यरत है जिसके कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन बाधित होता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में शिक्षकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2668. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड के रतनसारा में मध्य विद्यालय 105 वर्ष पुराना है, जो मुधबनी एवं सुपौल जिला के सीमापर अवस्थित है एवं इस विद्यालय के पाँच कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2669. श्री पन्ना लाल सिंह पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के राजकीय मध्य विद्यालय शेरिया, सिधवलिया में वित्तीय वर्ष 2010-11 में दो कमरा निर्माण हेतु 4 लाख रु० एवं वित्तीय वर्ष 2011-12 में 4 कमरा निर्माण हेतु 8 लाख रु० सर्व शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण हेतु राशि आवंटित की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक राशि खर्च नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राशि खर्च नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2670. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां प्रखण्ड के मध्य विद्यालय पोक्सी, धमौल, ज्युरी, दतरौल एवं वेलखुण्डा के पांच कि०मी० की परिधि में उच्च विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालयों को ढाई एकड़ से अधिक जमीन भी उपलब्ध है एवं उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी शर्त्तें पूरी करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय पोक्सी, धमौल, ज्युरी, दतरौल एवं वेलखुण्डा को उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्वीमिंग पुल का निर्माण

*2671. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 30 सितम्बर, 2007 को कंकड़बाग स्पोर्ट्स कम्पलेक्स बनाने का कार्य शुभारम्भ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीमिंग पुल बनाने के लिए 4.51 करोड़ की स्वीकृति दी गई थी किन्तु कार्य प्रारम्भ नहीं करने से लागत खर्च बढ़ता जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्वीमिंग पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*2672. श्री राजीव रंजन--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड के माता कस्तुरबा कन्या उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है, जिससे छात्राओं के पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

*2673. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के उच्च विद्यालय मौदहा, भारथीपुर कृष्णवाड़ में सामाजिक विज्ञान, गणित एवं विज्ञान के शिक्षकों का पद विगत 3 वर्षों से रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षक के पद रिक्त होने के कारण गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में विषयवार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुस्तक उपलब्ध करना

*2674. श्री जितेन्द्र कुमार राय--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 12 दिसम्बर, 2011 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''उर्दू से दगा'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में बिहार बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में लगभग 12 लाख छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं जिनमें ननहिन्दी पढ़ने वाले छात्रों की संख्या लगभग 1 लाख है;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले पांच वर्षों से 7वें वर्ग के पाठ्य पुस्तकों से 9वीं वर्ग के उर्दू छात्रों को और 8वीं वर्ग के उर्दू पुस्तकों में 10वीं वर्ग के छात्रों को पढ़ाया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि 10वीं उर्दू मातृभाषा की पुस्तक छात्रों को बाजार में उपलब्ध नहीं होने से पढ़ाई में काफी कठिनाई हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो 10वीं वर्ग के उर्दू छात्रों को मातृभाषा का पुस्तक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

-------

बस सेवा

*2675. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सड़क मार्ग द्वारा दरभंगा एवं रांची जाने के लिए कटिहार से सीधी बस सेवा नहीं है जिससे यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार कटिहार से दरभंगा एवं रांची के लिए सीधी बस सेवा प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निजात दिलाना

*2676. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर की हृदयस्थली शहीद चौक के पास बस स्टैण्ड अवस्थित है, जहां बराबर जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार बस स्टैण्ड को अन्यत्र स्थानान्तरित कर शहर को जाम से मुक्त करने का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*2677. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजकीय ज्वालामुखी उच्च विद्यालय कसरौर दरभंगा मात्र तीन कमरे में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में चालिस लाख रुपये भवन निर्माण हेतु आवंटित किया गया परन्तु उक्त राशि का उपयोग नहीं किया गया फलस्वरूप उक्त राशि सरकार को प्रधानाध्यापक द्वारा वर्ष 2011 में ही लौटा दी गयी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर विद्यालय भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*2678. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, रूपौली एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, भवानीपुर में छात्राओं के लिए छात्रावास नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों में छात्रावास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

साईकिल योजना का लाभ

*2679. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नदी घाटी उच्च विद्यालय, बाल्मीकिनगर एवं धर्मजीत सिंह उच्च विद्यालय, गोमौली में विगत वर्ष 2011 में 9वीं वर्ग के छात्राओं को मुख्य मंत्री बालक और बालिका साईकिल योजना के तहत साईकिल का वितरण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2011 का साईकिल योजना का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कमरा का निर्माण

*2680. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के +2 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, शेरघाटी में कार्यरत है, जहां नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा में कुल मिलाकर 2209 छात्राओं के लिए वर्ग संचालन हेतु मात्र चार कमरे हैं, शेष चार कमरों में एक कार्यालय, एक कम्प्यूटर लैब, एक भौतिकी प्रयोगशाला एवं एक जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला है जिससे वर्ग संचालन में काफी कठिनाई होती है, साथ-ही-साथ छात्राओं को बैठने का भी स्थान नहीं मिल पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेरघाटी के +2 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, शेरघाटी में छात्राओं की संख्या को देखते हुए विद्यालय में अतिरिक्त कमरा निर्माण कराने का विचार रखती है यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

साधन उपलब्ध कराना

*2681. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति/जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डॉ० भीमराव अम्बेदकर राजकीय छात्रावास, कोईरपुरवा, बक्सर में 200 छात्र की व्यवस्था है, परन्तु भवन के जर्जर होने एवं आधारभूत सुविधा यथा टेबुल, कुर्सी, बेड एवं मिट्टी तेल आवश्यकता के अनुरूप नहीं मिलने के कारण छात्रावास के छात्र का पठन-पाठन नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार दलित छात्राओं के आवश्यकता अनुरूप उपरोक्त साधन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2682. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनीसारी प्रखण्ड अन्तर्गत छोटी बथना प्राथमिक विद्यालय एक सामुदायिक भवन में चल रहा है एवं उसका अपना भवन नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*2683. श्री (डॉ०) अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सहरसा जिलान्तर्गत वर्ष 2010-2011 में कुल सात मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर माध्यमिक विद्यालय करने की स्वीकृति दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृति सूची में म० वि०, ईटहरी का भी नाम शामिल है, लेकिन उसे अधिसूचित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार म० वि०, ईटहरी को कब से माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2684. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखण्ड के 10+2 उच्च विद्यालय, शिवसागर के भवन निर्माण हेतु 2006-07 में 26 लाख रुपया संवेदक को उपलब्ध कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 10+2 उच्च विद्यालय का भवन निर्माण कार्य दिनांक 9 मई, 2008 से बन्द है जिससे छात्रों को पठन-पाठन कार्य बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2685. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखण्ड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय किराये के मकान पर चलाया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मानपुर प्रखण्ड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का कार्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 27 मार्च, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 102--डी०टी०पी०--450